भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 20.02.2024

आरेडिका में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के राजभाषा विभाग के मार्गदर्शन में हिंदी के प्रचार–प्रसार एवं कर्मचारियों के मध्य राजभाषा के प्रति रूचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से दिनांक 20.02.2024 को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।

इस कार्यक्रम में आरेडिका के कवियों के साथ–साथ अन्य शहरों से आए प्रसिद्ध कविजन पंकज प्रसून, मुकुल महान, फरमूद इलाहाबादी, शिखा श्रीवास्तव, आसिफ उस्मानी आदि ने अपने कविता पाठ से लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसी कड़ी में दूसरी ओर स्काउट एवं गाइड के सदस्यों के समूह नृत्य तथा शिवानी मालवीय के लावणी नृत्य से दर्शकों का मन झूम उठा। इसी के साथ ओमप्रकाश मौर्या की कविता रायबरेली की पावन धरती और विवेकानन्द व्यास की कविता बेटी पढाओं ने भी खूब तालियां बटोरी। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कवियों का बढ़–चढ़ कर उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री रूपेश कुमार श्रीवास्तव, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. सत्यव्रत, राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार, आदि उपस्थित रहे, प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को महाप्रबंधक महोदय ने पुरस्कृत भी किया ।

20.2.2024

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी
आरेडिका रायबरेली